# DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
## LIBRARY
## PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS------- नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । गुरुवार, 23 फरवरी 2023 -------------------


### इलाके के लोगों का आरोप-जे ब्लॉक में फैली है कई जगह अव्यवस्था

# राजौरी गार्डन: 'टूटा फुटपाथ, रोड पर पानी, खुले मैनहोल ... हम चलें कहां'

■ एनबीटी न्यूज, राजौरी गार्डन

**राजौरी गार्डन** स्थित जे ब्लॉक में बने फुटपाथ की हालत काफी खराब हो गई है। यह जगह-जगह से टूट गया है साथ ही यहां बने कई मैनहोल भी खुले हुए हैं तो कई के ढक्कन टूटे हैं। इसके अलावा सीवर ओवरफ्लो की समस्या भी यहां है। गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। इन हालातों में राहगीरों का पैदल चलना खतरे से खाली नहीं है। लोगों का कहना है कि ऐसे में हम चलें कहां। लोगों ने संबंधित प्रशासन से कई बार शिकायत की, लेकिन उनकी एक नहीं सुनी गई।

लोगों ने प्रशासन से कई बार शिकायत की, लेकिन उनकी एक नहीं सुनी गई

राजौरी गार्डन में रहने वाले विनीत तंवर ने बताया कि जे ब्लॉक कम्युनिटी सेंटर व डीडीए मार्केट के पास सीवर का गंदा पानी रोड पर बह रहा है। यह समस्या लंबे समय है। इस रोड को केशव मार्ग भी कहते हैं। सीवर के गंदे पानी से उठ रही तेज बदबू के कारण यहां से निकलना मुश्किल हो गया है। वहीं एक जगह जमा हो रहे पानी में मच्छर भी पनप रहे हैं। जिससे बीमारी का भी डर बना हुआ है।

वहीं ललित व मुकुल ने बताया कि यहां फुटपाथ भी बड़ी समस्याओं में एक है। इस समय फुटपाथ की हालत काफी दयनीय है। ये जगह-जगह से टूट गए हैं। वहीं कई जगह गड्ढे खुदे हुए हैं। कई जगह सीवर के ढक्कन नहीं हैं। मुकुल ने बताया कि यहां से निकलने पर सबसे ज्यादा दिक्कत नेत्रहीन और दिव्यांगों को होती है। वहीं खुदे हुए गड्ढे के कारण कभी भी हादसा हो सकता है। सबसे ज्यादा समस्या रात के समय यहां से निकलने के दौरान होती है।